हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 27 जून 2026

12 कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर डीसी के जरिए...



12 नहरों का गड़बड़ाया गणित, घट कर बचा...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING 2 Years GNM Pass
GNM 3 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
ANM 2 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933



## खबर संक्षेप



### बरसात से पूर्व बाढ़ प्रबंधन को दुरुस्त रखें

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि बाढ़ प्रबंधन केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी संबंधित विभागों के सामूहिक प्रयासों से ही प्रभावी ढंग से योजना को लागू किया जा सकता है, ऐसे में संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उपायुक्त हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई वीसी के उपरांत जिला में मानसून पूर्व तैयारियों, बाढ़ प्रबंधन व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाती सीजन से पहले सभी ड्रेनों, नालों और जल निकासी मार्गों की सफाई सुनिश्चित की जाए।

### डूंगरवाली खाड़ी की बढ़ेगी क्षमता, काम शुरू

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर एक बार फिर से अहम निर्णय लेते हुए डूंगर वाला जोहड़ की गहराई व चौड़ाई को बढ़ाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के माध्यम से कार्य शुरू करवा दिया है। कुछ दिन पहले ही उपायुक्त स्वयं लगातार निगरानी करते हुए डूंगर वाली खाड़ी को खाली भी करवाया था। विदित है कि इस डूंगर वाली खाड़ी में ही दादरी के मेन बाजार और आसपास के क्षेत्र का बरसात का पानी जाता है। ऐसे में अगर खाड़ी खाली नहीं होगी, तो परेशानी होगी।

## बैठक में रखे गए 13 में से 10 परिवादों का किया मौके पर निपटारा

# प्रदेश में घरेलू गैस की कोई समस्या नहीं : राजेश नागर

शिकायतों के निपटारे में लापरवाही बरतने वालों होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंत्री श्री नागर ने 13 परिवादों की सुनवाई की। परिवादों की सुनवाई दौरान उस समय सब हैरान रह गए जब एक शिकायतकर्ता महिला को ही उसके द्वारा पैसे मांगने की रिकॉर्डिंग सुनवाई गई। जब मंत्री द्वारा महिला को उन पर एफआईआर दर्ज किए जाने का आभास करवाया गया तो वह बैठक से तुरंत प्रभाव से निकल गई। मंत्री ने महिला की गलती को माफ करते हुए मामले का निपटारा कर दिया। वहीं दूसरी ओर गांव नकीपुर पीएचसी में डिलीवरी में लापरवाही बरते जाने मामले में मंत्री श्री नागर ने जांच कर दोषी पीएचसी स्टाफ पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कुल 13 परिवाद रखे गए, जिनमें से 10 परिवादों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, डीसी साहिल गुप्ता, प्रवर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार मौजूद रहे। बैठक में खाद्य एवं आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने स्थानीय कीर्ति नगर निवासी संदीप कौशिक और फैंसी चौक निवासी धर्म सिंह के परिवाद की सुनवाई में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामलों की जांच जारी है। नया बाजार निवासी रंजना शर्मा के मामले की सुनवाई के दौरान ही मामला रफा-दफा हो गया। डीसी कॉलोनी निवासी रवि शर्मा की पेयजल संबंधित शिकायत पर मंत्री ने जनस्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से गांव सरल निवासी कमला देवी के मामले में मंत्री ने बिजली निगम अधिकारियों को प्लाट से बिजली पोल हटाने के निर्देश दिए। गांव पातवान निवासी सुखविंदर के परिवाद की सुनवाई पर मंत्री को पुलिस विभाग ने बताया कि मामले का निपटारा हो गया है। वहीं कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य सोनू सरपंच कलिंगा, राजकुमार और कमल फोजी की कमेटी बनाते हुए इस मामले की जांच करने को कहा। सेक्टर-13 दा भिवानी रेजिडेंन्टस वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी के प्रधान रामकिशन शर्मा द्वारा मामले की सुनवाई पर मंत्री को नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टरों में मकानों के सामने स्टील की नंबर प्लेट लगाने का टेंडर खुल गया है और अगले सप्ताह वर्क अलॉट कर दिया जाएगा।







**भिवानी।** कष्ट निवारण समिति की बैठक में उपस्थित मंत्री व अन्य व समिति की बैठक में परिवादों का निपटारा करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*


### दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश

इसी प्रकार से गांव बापोड़ा निवासी संतरा देवी के जमीन संबंधित इंतकाल के मामले में देरी किए जाने पर मंत्री ने जिलाधिकारियों को जांच के आदेश दिए। गांव चहड़ खुर्द निवासी विक्रम के मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री ने गांव नकीपुर पीएचसी में डिलीवरी में लापरवाही बरते जाने जांच करने व दोषी पीएचसी स्टाफ पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ढाणी हरसुख निवासी कृष्ण चंद व विद्या देवी के खेत में खाल पक्का किए जाने के मामले में मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को एक महीने के अंदर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रवर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार, एसडीएम महेश कुमार, सीटीएम अनिल कुमार, सिवानी की एसडीएम विजया मलिक, तोशाम के एसडीएम संदीप कुमार, लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल, डीएसपी अनूप कुमार, उप वन राजिक अधिकारी डॉ. राजेश वत्स, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, गैर सरकारी सदस्य सुनील वर्मा नम्बरदार, रामकिशन हलवासिया, मुकेश सोढ़ी, कमल फौजी, नविता तंवर, बबीता तंवर, सीमा बंसल, शिवराज बांगडी, सुनील सांगवान, राजकुमार जमालपुर, सोनू शर्मा सरपंच कलिंगा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित कष्ट निवारण समिति के विभिन्न गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## भिवानी के यूजर्स को सुपरफास्ट इंटरनेट की मिलेगी सुविधा





- बीएसएनएल ने तेज किया एफटीटीएच नेटवर्क विस्तार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी शहर के लोगों को बेहतर, आधुनिक और विश्वसनीय इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने भिवानी शहर में अपने एफटीटीएच (फाईबर टू दी होम) नेटवर्क विस्तार अभियान को युद्ध स्तर पर तेज कर दिया है। इस डिजिटल कनेक्टिविटी विस्तार अभियान के तहत शहर के घरों, दुकानों, कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और व्यावसायिक संस्थानों तक हाई-स्पीड फाइबर इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस महत्वाकांक्षी अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बीएसएनएल भिवानी के एसडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य भिवानी के हर नागरिक को महानगरों जैसी उच्च स्तरीय और निर्बाध डिजिटल सुविधाएं प्रदान करना है।

### बोले एसडीओ

एसडीओ रविंद्र ने बताया कि आज के दौर में इंटरनेट सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षा, व्यापार एवं तरक्की का आधार बन चुका है। भिवानी का कोई भी क्षेत्र डिजिटल रूप से पीछे न छूटे, इसके लिए हमारी तकनीकी टीमें लगातार फील्ड में काम कर रही हैं। एसडीओ रविंद्र ने बताया कि अत्याधुनिक फाइबर तकनीक आने से विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई में बफरिंग से मुक्ति मिलेगी,वहीं व्यापारियों को अपने डिजिटल कारोबार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा सरकारी एवं निजी संस्थानों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से प्रशासनिक कार्यों में भी तेजी आएगी। आम नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली इंटरनेट सेवाओं के साथ-साथ ओटीटी मनोरंजन और सुरक्षित सीसीटीवी निगरानी जैसी सुविधाएं बेहद आसानी से मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल द्वारा शहर के अलग-अलग वार्डों और कॉलोनियों में विशेष कैंप लगाकर नए एफटीटीएच कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे इस सरकारी और भरोसेमंद सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## निर्जला एकादशी पर हरिओम आश्रम में पूरी रात रही श्याम नाम की गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखीदादरी।** श्रीश्याम बाबा के जागरण में भजन प्रस्तुत करती कलाकार।

घिकाड़ा रोड स्थित हरिओम आश्रम में निर्जला एकादशी पर्व पर श्रद्धा, सेवा एवं भक्ति का दिव्य संगम देखने को मिला। आश्रम में रात्रि कालीन भजन-कीर्तन एवं जागरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा श्रीश्याम और हरिओम बाबा के श्रीचरणों में अपनी आस्था अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीश्याम बाबा एवं हरिओम बाबा की आरती तथा श्रीगणेश वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात पूरा आश्रम परिसर हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयघोष और भक्ति रस से सराबोर हो उठा। भजन संध्या में स्थानीय भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक सुमधुर एवं भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति सागर में डुबोए रखा। भक्तगण पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भजनों पर झूमते रहे तथा बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए फ्रूटी, आम, केले, पेठा, टॉफी एवं जलजीरा के प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई, जिसे सभी ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया।

## हनी ट्रैप में फंसाकर 50 हजार ठगने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने हनी ट्रैप के माध्यम से एक वृद्ध व्यक्ति से 50 हजार की जबरन वसूली करने के मामले में आरोपित पति-पत्नी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दादरी निवासी एक वृद्ध व्यक्ति ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी मुलाकात बस स्टैंड पर एक महिला से हुई, जिसने अपना नाम प्रीति बताया। इसके बाद उसने शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर लेकर उससे बातचीत शुरू कर दी। 23 जून को शिकायतकर्ता आंखों के इलाज के लिए भिवानी आया था। आरोप है कि प्रीति तथा उसका पति उसे शांति नगर स्थित एक कमरे में ले गए, जहां उसके कपड़े उतरवाकर जबरन वीडियो बनाई गई। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे 50 हजार की वसूली कर ली गई। शिकायत के आधार पर थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान थाना औद्योगिक क्षेत्र के उप निरीक्षक मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को भिवानी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप पुत्र सतबीर निवासी शांति नगर, भिवानी तथा प्रीति पत्नी संदीप निवासी शांति नगर, भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से शिकायतकर्ता से वसूले गए 50 हजार तथा वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

## नपा अध्यक्ष ने वार्ड 3, 4 व 5 में चल रहे गली निर्माण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने वार्ड संख्या 3, 4 एवं 5 में चल रहे गली निर्माण कार्यों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष सुंदर अत्री ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गली निर्माण कार्य पूर्ण होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता एवं कार्य की प्रगति का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय पर पूरा किया जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष सुंदर अत्री ने लोगों से भी मुलाकात कर विकास कार्यों में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही विकास कार्यों को बिना किसी बाधा के समय पर पूरा किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि निर्माण कार्यों के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि कार्यों में किसी प्रकार की दिक्कत न आए और गली निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण हो सकें। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाकर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



**बवानीखेड़ा।** निर्माण कार्यो का जायजा लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ ने खोला मोर्चा, दी आंदोलन की चेतावनी

- विश्वविद्यालयों में एचकेआरएनएल व अनुबंध कर्मचारियों के शोषण व वेतन विसंगतियं दूरी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय मजदूर संघ से संबंधित गैर-शिक्षक विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ हरियाणा का प्रान्त अधिवेशन 28 जून को कुरूक्षेत्र आयोजित किया गया। यह अधिवेशन क्षेत्रीय संगठन मंत्री सोहन लाल गुप्ता, प्रांत महामंत्री हवा सिंह मेहला सहित अन्य प्रान्त पदाधिकारियों और प्रान्त संयोजक रणबीर बांगरवा की अध्यक्षता में होगा। बैठक में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों में हरियाणा कौशल रोजगार निगम और अनुबंध पर कार्यरत हजारों कर्मचारियों की गंभीर समस्याओं पर गहन मंथन किया जाएगा। जिसमें सभी विश्वविद्यालयों के गैर शिक्षक कर्मचारी अपने हितों की आवाज बुलंद करेंगे। जीवन-यापन के खर्चों में बेतहाशा वृद्धि हुई है, लेकिन इसके बावजूद एचकेआरएनएल के तहत काम कर रहे सहायक और प्रोग्रामर्स के वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। संघ ने इस तरह के शोषण पर तुरंत पूर्ण रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रबंधन और सरकार द्वारा इस प्रस्ताव पर तय समय सीमा के भीतर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया या ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो यूनियन अपनी मांगों को मनवाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन या हड़ताल का मार्ग अपनाने के लिए मजबूर होगी।

## भाजपा जिला कार्यालय में राष्ट्र नायक को दी श्रद्धांजलि

# डॉ. मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता की प्रेरणा : फणींद्र

*संगठन मंत्री, विधायक व जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में जलाई राष्ट्रवाद की अलख*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस राजनीतिक व वैचारिक कार्यक्रम में भाजपा हरियाणा के संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने देश के लिए उनके द्वारा दिए गए अतुलनीय योगदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

### डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं को मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए भाजपा के प्रांत संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और हमारी सांस्कृतिक चेतना को अक्षुण्ण रखने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देश की संप्रभुता के लिए एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेंगे का नारा देकर जो सर्वोच्च बलिदान दिया, वह आज भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए सबसे बड़ा प्रेरणास्रोत है। सभी कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि वे डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र प्रथम के आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

### नई पीढ़ी के लिए है डॉ. मुखर्जी का जीवन

इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने युवा पीढ़ी को डॉ. मुखर्जी के इतिहास से रूबरू कराने की वकालत की। उन्होंने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता और भारत के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सत्ता का सुख छोडक़र संघर्ष का रास्ता चुना और अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका यह महान त्याग और ऐतिहासिक बलिदान देशवासियों को हमेशा देशभक्ति की राह दिखाता रहेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि हमारी नई पीढ़ी उनके जीवन चरित्र का अध्ययन करे और उनसे सीख लेकर राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अपना सक्रिय योगदान दें।

### राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करें

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने संगठन की वैचारिक सुदृढ़ता पर जोर देते हुए कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार और सिद्धांत आज के दौर में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। आज भारतीय जनता पार्टी जिस राष्ट्रवाद की राह पर आगे बढ़ रही है, उसकी नींव डॉ. मुखर्जी ने ही रखी थी। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके आदर्शों से ऊर्जा लेकर निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ काम कर रहा है। उनका जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी सिद्धांतों पर अडिग रहना सिखाता है।



# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

लाइफ Style



# संचिता

## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौंवी कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

## हॉलीवुड मसाला



# मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान

**नई दिल्ली।** ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेदा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



# योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

## टीवी मसाला



# लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस ट्रैवल वीडियो में समुद्र किनारे बिताए पल, बोट राइड, रेगिस्तान की सैर, खूबसूरत नजारे और एडवेंचर से जुड़ी कई यादगार झलकियां देखने को मिलती हैं। इसके अलावा मुनमुन ट्रेकिंग करती, नए लोगों से मिलती, सड़क पर डांस करती और अलग-अलग संस्कृतियों को करीब से जानती भी नजर आईं। पोस्ट शेयर होते ही फैंस ने खूब प्यार बरसाया। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'सबसे प्यारी और सबसे खुश।' इससे पहले रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ी कई बातें शेयर की थीं।

## बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी

**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र



दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।

# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म

## मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। फिल्म में रजित कपूर, राजेश्वरी सचदेव, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता, अमरीश पुरी और रघुवीर यादव जैसे कलाकार नजर आए।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।

## 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म


# किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे। इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।

### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।



### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### पशुपालन विभाग को मिला स्थायी एसडीओ

**बाढड़ा।** पशुपालन विभाग बाढड़ा को आखिरकार स्थाई उपमंडल अधिकारी के रुप में वरिष्ठ अधिकारी की तैनाती हो ही गई। पशुपालन विभाग से वरिष्ठ पशु चिकित्सक डा. वेदप्रकाश सांगवान ने पदोन्नति के बाद प्रथम पोस्टिंग के रुप में बाढड़ा उपमंडल कार्यालय में एसडीओ का पद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विभाग सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के सभी से अनुरोध किया साथ ही पशुपालकों को कोई समस्या न आए इस पर सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज

**चरखी दादरी।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक शनिवार 27 जून को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा करेंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि 27 जून को आयोजित होने वाली जिला लोक संकर्प एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल 10 परिवाद रखें जाएंगे, जिनमें 6 लंबित व 4 नए परिवाद हैं।

### शहीद गुलाब सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई

**बवानी खेड़ा।** कस्बे में वीर शहीद गुलाब सिंह की 46वीं जन्म जयंती गौरव और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और पूर्व सैनिकों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका बवानी खेड़ा के चेयरमैन सुंदर अत्री विशेष रूप से मौजूद रहे। देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों पर पूरे समाज को गर्व समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने कहा कि शहीद गुलाब सिंह जैसे वीर सपूतों की बदौलत ही आज हमारा देश सुरक्षित है।

### कृषि सहकारी समिति की आम सभा 29 को

**चरखी दादरी।** दी रावलधी बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड चरखी दादरी की वार्षिक आम सभा का आयोजन 29 जून सोमवार को प्रातः 11 बजे पैक्स कार्यालय में होगी। इस संबंध में समिति प्रबंधन ने सभी सदस्यों को समय पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है। पैक्स प्रबंधक सुजीत ने बताया कि बैठक में सहकारिता मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ कोऑपरेशन) की नई पहलों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। वहीं समिति की वित्तीय वर्ष 2025-26 की बैलेंस शीट प्रस्तुत कर उस पर विचार-विमर्श एवं अनुमोदन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संस्था के विकास, कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा भविष्य की योजनाओं से संबंधित विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि सहकारी समिति की प्रगति एवं पारदर्शी संचालन में सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### 30 को होगा खेत बचाओ अभियान का समापन

**भिवानी।** देशभर में एक जून से चल रहे खेत बचाओ अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर समापन 30 जून को हरियाणा के बावल स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में होगा। इस समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. मांगीलाल तथा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र भिवानी के वरिष्ठ संयोजक डॉ. रविंद्र सिंह ढिल्लो ने बताया कि 30 जून को सुबह 7 बजे कृषि विज्ञान केंद्र भिवानी से किसानों को लेकर दो बसें बावल के लिए रवाना होंगी। वहीं दूसरी ओर कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है और इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की मेजबानी प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

---

जिला प्रशासन की शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी

# जिले के 11 केंद्रों पर 4 व 5 जुलाई को होगी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से आगामी 4 व 5 जुलाई को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिला के नौ शिक्षण संस्थानों में 11 केन्द्र बनाए गए हैं। तैयारियों को लेकर उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देश पर एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह ने जिला प्रशासन और बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठ की। एसडीएम ने कहा कि जिले में हुई पिछली परीक्षाओं के अनुभव को अपनाते हुए एचटेट के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित कर लें। किसी भी हाल में कहीं पर भी कोई चूक ना रहे। जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं, वे तुरंत उसको लेकर तैयारी कर लें। अपने स्तर पर स्थानों पर जाकर जांच कर लें। उन्होंने कहा कि जिला में आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा भी शांतिपूर्ण संपन्न हो। एचटेट को लेकर जिले के नौ शिक्षण संस्थानों में कुल 11 सेंटर बनाए गए हैं, जिनमें आदर्श पब्लिक स्कूल, एपीजे सरस्वती पीजी कालेज, आर्यन मॉडल स्कूल, केएन स्कूल, आरईडी स्कूल, श्रीमती संतरा देवी बीएड कोलेज व बेस मॉडल स्कूल में एक-एक सेंटर तथा जनता कॉलेज और आरपीएस स्कूल में दो-दो सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा को देखते हुए उपायुक्त मनदीप कौर ने सभी परीक्षा केंद्रों पर जिला प्रशासन के एक-एक अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा पांच अधिकारियों को रिजर्व में रखा है। साथ ही एक अधिकारी को ट्रेजरी में तैनात किया है।

**एसडीएम ने कहा कि पिछली परीक्षाओं के अनुभव से करें तैयारी**


चरखी दादरी। एचटेट परीक्षा के लिए तैयारियों पर चर्चा करते एसडीएम डॉ. विरेंद्र सिंह। फोटो: हरिभूमि

### एचटेट परीक्षा को लेकर धारा 163 की निषेधाज्ञा लागू

जिलाधीश मनदीप कौर ने एचटेट परीक्षा केन्द्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश भी जारी कर दिए है। यह आदेश 4 जुलाई से 5 जुलाई को परीक्षा पूर्ण होने तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत स्ट्रांग रूम व परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में अनाधिकृत व्यक्तियों की उपस्थिति, हथियार, आग्नेयास्त्र या चोट पहुंचाने योग्य वस्तुएं लेकर चलना आदि पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। साथ ही परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में फोटोकॉपी मशीन, प्रिंटर या कोई अन्य नकल उपकरणों का संचालन पर पूर्णत रोक रहेगी। आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 व अन्य अधिनियम /नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### जिले के सभी कोचिंग सेंटर रहेंगे बंद

*जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार जिला के राजस्व क्षेत्र में सभी कोचिंग सेंटर भी रहेंगे। दोनों दिन एचटेट परीक्षा समाप्त होने तक कोचिंग सेंटरों को बंद रखना होगा। इस दौरान कोचिंग सेंटर पर किसी भी प्रकार गतिविधि नहीं की जा सकेगी। जिलाधीश ने पुलिस अधीक्षक, उपमंडलाधीश, सेंटर अधीक्षक, फ्लाइंग स्कवर्ड, ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।*

---


भिवानी। किसानों को संबोधित करते कृषि वैज्ञानिक। फोटो: हरिभूमि

## जानकारी के अभाव में किसान भुगत रहे नुकसान : डॉ.सैनी

- अच्छी उपज लेने के लिए फसल से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी होना अत्यन्त आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

किसी भी फसल की अच्छी उपज लेने के लिए फसल से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी होना अत्यन्त आवश्यक है, जिनमें फसल की उन्नत किस्में, उर्वरकों का संतुलित प्रयोग, कीटों व बिमारियों की रोकथाम के उपाय, फसल के स्वभाव के अनुसार कृषि कार्य, भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने के तरीके, जल संरक्षण आदि शामिल है। इसी प्रकार मौसमीय परिस्थितियों में बदलाव का कीटों व बीमारियों के प्रकोप के संबन्ध से जुड़ी जानकारी का ज्ञान भी बहुत महत्त्वपूर्ण है, उक्त विचार चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग से सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. आरके सैनी ने व्यक्त किए। वे खंड कैरू के गांव जुई में आयोजित कृषि शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने बहुत से किसान अल्पज्ञान के कारण भरपूर पैदावार नहीं ले पाते तथा किसी न किसी कारण नुकसान उठाते रहते हैं। किसानों को अपनी फसल चाहिए कि वे कृषि विशेषज्ञों से उचित परामर्श कर अपने का लाभप्रद उत्पादन लें। उन्होंने ग्वार फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों व बीमारियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**जरूरी निर्देश दिए**

इस अवसर पर सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. जगदेव सिंह ने भूमि की जल-ग्रहण क्षमता को बढ़ाने के लिए जैविक खादों के अधिक से अधिक प्रयोग पर बल दिया। कृषि विभाग से पधारे सेवानिवृत विषय विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र कौशिक में आर्गेनिक कार्बन के गिरते स्तर के प्रति चिंता प्रकट की। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे फसल अवशेषों को जलाने की बजाय मिट्टी में दबाएं, ताकि भूमि में जिवांत्रा की मात्रा में बढ़ोतरी हो सके। शिविर में बीज उपचार की दवा के फ्री सैम्पल व साहित्य भी वितरित किए। इस अवसर पर जुईकलां व जुईखुर्द के सरपंचों सहित 50 से अधिक किसानों ने शिरकत की।

---

## स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी

- तन-मन को स्वस्थ्य रखने के लिए दैनिक जीवन में प्रतिदिन एक घंटा करें योग : डॉ. मदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट चरखी दादरी द्वारा वैश्य वमा विद्यालय में प्रभात मंडल के सहयोग से शिक्षक योग प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा हैं। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तहसील प्रभारी योगाचार्य दिनेश कुमार शास्त्री को योग क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए मुख्यतिथि डॉ. मदन मानव हरियाणा योग आयोग ने सम्मानित किया। योगाचार्य शास्त्री ने बताया कि वह 30 वर्षों से लगातार योग करने व करवाने का कार्य बखूबी करते आ रहे हैं। अनेक संस्थाओं में जाकर अनेक योग शिविर लगा चुके हैं। वर्तमान में आर्य समाज मंदिर में निःशुल्क योग कक्षा प्रतिदिन 5 बजे से 6 बजे तक लगा रहे हैं, जिसमें कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ ले सकता है। करोनाकाल में जब लोग घरों में बंद थे, तब भी सरकार द्वारा बनाए होम सैल्टर व राजकीय हास्पिटल में 24 घंटे काम किया है, जिसकारण उन्हें 18 संस्थाओं ने करोना योद्धा से संबंधि इस अवसर पर योगाचार्य सदाराम, योगाचार्य पुरूषोत्तम, मास्टर सुंदर श्याम चाबा, विकास राणा, बजरंग लाल, जयभगवान, सत्यवीर, कैप्टन सत्यवान, हरीराम, अशोक स्वामी, सतीश, कैलाश, राकेश आदि रहे।


चरखी दादरी। अतिथियों के साथ साधक। फोटो: हरिभूमि

## प्रकोष्ठ के आदेशों की शिकायतों पर हो कार्रवाई: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

उपायुक्त मनदीप कौर ने प्रदेश सरकार के समाधान प्रकोष्ठ की ओर से शिकायतों का समाधान करने के लिए आदेश जारी किए हैं। जिला के सभी विभाग इन आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करें और आदेशों के अनुसार की शिकायतों का निष्पादन किया जाए। उपायुक्त मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के बाद जिला के अधिकारियों को निर्देशित कर रही थी। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर सहित विभिन्न माध्यमों से आने वाली शिकायतों की पोर्टल पर डिटेल जानकारी अपडेट करें, ताकि शिकायतें दोबारा ओपन न हो। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की रिमाक्र्स स्पष्ट ना होने के कारण शिकायतों की पेंडिंग में संख्या ज्यादा है, जिनको कम करने के लिए जांच रिपोर्ट भरकर विस्तृत जानकारी पोर्टल पर अपडेट करें, जिससे पहले चंडीगढ़ से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शेखर विद्यार्थी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन शिकायतों को जांच रिपोर्ट के साथ तुरंत प्रभाव से रिजेक्ट करें व पोर्टल पर डाटा अपडेट करें। उन्होंने कहा कि सोमवार व वीरवार को उपमंडल और जिला स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं जुड़कर प्रदेश के विभिन्न जिलों के लोगों की शिकायतों को सुनते हैं। वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय से समीक्षा भी की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वो समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों को गंभीरता से लें और शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान करें।


चरखी दादरी। अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो: हरिभूमि

---

## निर्जला एकादशी पर लगाई मीठे पानी की छबील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

निर्जला एकादशी (ग्यारस) के पावन अवसर पर प्रतिज्ञा सेवा समिति द्वारा मानव सेवा का प्रेरणादायी कार्य करते हुए ईंट भट्ठे पर कार्यरत श्रमिक भाइयों-बहनों के बीच सेवा अभियान चलाया गया। समिति के सदस्यों ने भीषण गर्मी को देखते हुए श्रमिकों को शीतल जल पिलाया तथा आवश्यक सामग्री वितरित कर सेवा और मानवता का संदेश दिया। इस सेवा कार्य में शहर की समाजसेवी एवं यूटयूबर परी, सोमबीर वाल्मीकि सहित समाजसेवी संजय वर्मा मिलखा, दीपांशु एवं अन्य सहयोगी साथियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर श्रमिकों की सेवा करते हुए समाज में परस्पर सहयोग, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रतिज्ञा सेवा समिति के संचालक संजय कुमार एवं सदस्यों ने बताया कि समिति का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों, पशु-पक्षियों एवं समाज के कमजोर वर्गों की निरंतर सेवा करना है। समय-समय पर समिति विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रही है।


बवानीखेड़ा। निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में पानी की बोत्तलें व खादय सामग्री।

**समिति के प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया**

समिति ने सेवा अभियान में सहयोग देने वाले सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की सच्ची उन्नति तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है और मानवता की सेवा सबसे बड़ी पूजा है। निर्जला एकादशी के अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्य की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की तथा समिति के प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। वहीं शहर में वीके फोटो स्टेट के सामने कर्ण ओड के नेतृत्व में दर्जनों युवकों ने मीठा जल वितरित किया।

## एसआईआर में वोटरों का किया सहयोग

- एसआईआर अभियान में दूल्हेड़ी की युवा स्वच्छता एवं जनसेवा समिति ने किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

शुक्रवार को एसआईआर अभियान के तहत वोटर लिस्ट को 100 प्रतिशत पूर्ण करने के उद्देश्य से बीएलऔ के साथ मिलकर कार्य किया गया। इस दौरान तोशाम के एसडीएम संदीप कुमार के निर्देशानुसार प्रत्येक स्वयंसेवक को 10 घरों की जिम्मेदारी दी गई, ताकि समय से पहले मतदाता सूची का सत्यापन एवं अद्यतन कार्य पूरा किया जा सके। जिसमें युवा स्वच्छता एवं जनसेवा समिति दुल्हेडी की टीम ने घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन, आवश्यक संशोधन तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण में सहयोग किया। सभी ने पूरी लगन, जिम्मेदारी और सेवा भाव से कार्य करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस बारे में युवा स्वच्छता एवं जनसेवा समिति के प्रधान पवन सैनी ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा, जनजागरूकता और राष्ट्रहित के कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाना है।


तोशाम। स्वयं सेवकों को जिम्मेदारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

---

खाप बेटियों को शिक्षित करने व गांवों में आपसी सौहार्द बढ़ाने का करेगी काम

# टेई खास खाप का नया चबूतरा युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने को करेगा जागरूक

- टेई खास खाप फिर से हुई सक्रिय, आगामी रणनीति एवं अभियान चलाने को हुई बैठक
- खाप को संगठित व प्रभावी बनाने के लिए जल्द होगी पदाधिकारियों की नियुक्तियां : खरेटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

ग्रामीण अंचल में सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं पारंपरिक न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाली खाप पंचायतें एक बार फिर नए संकल्प के साथ आगे आ रही हैं। इसी कड़ी में पिछले कुछ समय से निष्क्रिय चल रही टेई खास खाप को पुनर्जीवित एवं मजबूत करने के लिए शुक्रवार को गांव पटौदी में महत्वपूर्ण एवं गरिमापूर्ण बैठक का आयोजन किया। सकारात्मक ऊर्जा एवं समाज सुधार के संकल्प से ओतप्रोत बैठक में खाप के वरिष्ठ प्रबुद्धजीवियों और पदाधिकारियों ने शिरकत की। बैठक का मुख्य उद्देश्य खाप को आधुनिक दौर की चुनौतियों के अनुरूप ढालना, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाना और युवाओं को सही दिशा दिखाना रहा।


तोशाम। टेई खास खाप के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

**बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर**

इस महत्वपूर्ण बैठक को मुख्य रूप से ईश्वर सिंह, जगबीर सिंह, राजकुमार पटौदी, राजेश कुमार पटौदी, इंद्र सिहाग, प्रवीण, युद्धवीर खरेटा, सतबीर सांगवान व जितेंद्र पटौदी ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि बैठक में खाप के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के लिए आगामी रणनीति के तहत टेई खास खाप के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में निकट भविष्य में औपचारिक पत्र जारी किया जाएगा। इस पत्र के माध्यम से सभी ग्रामीणों को खाप की गौरवशाली परंपराओं से जोड़ा जाएगा और समाज हित में एकजुट होने का आह्वान किया जाएगा। यह स्थान आपसी विवादों को कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटे बिना, भाईचारे से सुलझाने का पवित्र मंच साबित होगा। उन्होंने कहा कि खाप पंचायतें हमारी सांस्कृतिक विरासत का अटूट हिस्सा हैं। टेई खास खाप का पुनर्गठन किसी जाति या वर्ग विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे समाज की भलाई और तरक्की के लिए है।



## कबीरदास जयंती पर पांच को कार्यक्रम

**भिवानी।** 5 जुलाई को भिवानी में संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती का आयोजन किया जाएगा जयंती समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता संत कबीर धानक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व जिला पार्षद अजीत सिंह बामला करेंगे कार्यक्रम के संयोजक यूथ डीएससी समाज के अध्यक्ष धर्मवीर डाबला होंगे आज सेक्टर 23 में जिला भिवानी के धानक समाज के महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया बैठक में 5 जुलाई को जयंती मनाने बारे में विस्तार से चर्चा की गई जयंती के मीडिया प्रभारी संदीप खरकिया ने बताया की महम रोड स्थित महाराणा प्रताप महिला कॉलेज में यह आयोजन किया जाएगा इस मौके पर रामेश्वर गोलागढ़,अजीत बामला , धर्मवीर डाबला,प्यारेलाल कायत करतार सिंह बडेसरा, निहाल सिंह सोलंकी, संदीप खरकिया, ईश्वर सोलंकी ,राजकरण नगा!र, लोकराम तुरकिया, विशंभर कायत, आजाद प्रधान, शेखर सोलंकी, सुमित नगा!र, अंकित सोलंकी, चिराग डाबला आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निःस्वार्थ सेवाभाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

### सीवरेज युक्त जलापूर्ति से जनता परेशान : बिल्लू

**भिवानी।** वार्ड नं. 24 एवं 27 के नागरिक इन दिनों गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में पानी की अनियमित एवं बाधित आपूर्ति के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नं. 27 के पार्षद गोविन्दराम उर्फ बिल्लू बादशाह ने जनस्वास्थ्य विभाग से तत्काल प्रभाव से समस्या के समाधान की मांग की है। पार्षद गोविन्दराम उर्फ बिल्लू बादशाह ने बताया कि पिछले लगभग तीन दिनों से टिबड़ेवाल सभागार के सामने दिनोद गेट पर स्थापित पानी सप्लाई का वाल खराब पड़ा हुआ है, जिसके कारण क्षेत्र के अनेक मोहल्लों की पेयजल व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

### आर्टेमिस का स्वास्थ्य जांच शिविर 28 को

**भिवानी।** नागरिकों को उच्च स्तरीय एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उनके घर के नजदीक उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से केपीएम चैरिटेबल अस्पताल की जनसेवा की मुहिम निरंतर जारी है। गुरुग्राम के आर्टेमिस अस्पताल और केपीएम चैरिटेबल अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में 28 जून को स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। चेयरमैन एवं भाजपा नेता हर्षदीप डुडेजा ने बताया कि शिविर कृष्णा कॉलोनी स्थित कहरोड़ भवन में केपीएम चैरिटेबल अस्पताल में सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के जाने-माने विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों को अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे।

## कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग

# कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर डीसी के जरिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नं. 41), मुख्यालय चरखी दादरी तथा हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ, जिला भिवानी से संबंधित कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समाधान को लेकर जिला उपायुक्त साहिल गुप्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने सरकार से कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। ज्ञापन सौंपने से पूर्व जिले की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी एवं राज्य स्तरीय प्रतिनिधि प्रातः 10 बजे चिड़ियाघर रोड स्थित जिला यूनियन कार्यालय में एकत्रित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान चांदीराम कादियान ने की। इस दौरान संगठन की आगामी रणनीति, कर्मचारियों की मांगों तथा सरकार तक प्रभावी रूप से अपनी बात पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रांतीय मुख्य सलाहकार सज्जन भारद्वाज, राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सैन तथा प्रचार सचिव सरजीत खेड़ा उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला उपप्रधान सरजीत लीलस, जिला कोषाध्यक्ष सतबीर राणा, जिला प्रेस प्रवक्ता अमित जांगड़ा, जिला कार्यालय सचिव परमजीत मलिक, प्रधान बिजेन्द्र परमार, सचिव सुखबीर गुर्जर, कोषाध्यक्ष संदीप कोंट, विनोद शर्मा, रामधारी, संदीप यादव, जयसिंह, कुलदीप, मनीष पराशर, धर्मबीर, राहुल, इकबाल, मैनपाल, सुनील, मदनलाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

**संगठन की आगामी रणनीति, मांगों पर बैठक में की चर्चा**



भिवानी। मांगों को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मांग-पत्र सौंपने का अभियान 8 जुलाई तक

जिला प्रधान चांदीराम कादियान ने कहा कि प्रदेशभर में 15 जून से 8 जुलाई तक जिला उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री सरकार को मांग-पत्र सौंपने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भिवानी जिले के कर्मचारियों ने भी अपनी मांगों को संगठित रूप से सरकार तक पहुंचाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी समस्याओं एवं मांगों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप समाधान नहीं किया गया है। कर्मचारियों के हितों की अनदेखी से कार्यस्थलों पर असंतोष का माहौल बन रहा है। प्रांतीय मुख्य सलाहकार सज्जन भारद्वाज ने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में बनाई गई नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने संबंधी नीति को धरातल पर लागू करने की मांग उठाई।



तोशाम। मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे किसान।

### किसानों का धरना 11वें दिन भी जारी

- विकास के नाम पर किसानों के साथ हो रहा जमीन घोटाला
- कौड़ियों के भाव हड़पी जा रही उपजाऊ जमीनें, चुप नहीं बैठेगा किसान

**तोशाम।** हाई-वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण के नाम पर किसानों की बेशकीमती और उपजाऊ जमीनों को कौड़ियों के भाव हड़पने के कथित खेल के खिलाफ तोशाम स्थित एसडीएम कार्यालय के समक्ष चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 11वें दिन भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहा। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा और पावरग्रिड बनाम किसान संघर्ष समिति के बैनर तले एकजुट हुए किसानों ने प्रशासनिक तानाशाही के खिलाफ जमकर हुंकार भरी। शुक्रवार को धरने की अध्यक्षता ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने की तथा मंच संचालन मास्टर रघुवीर भेरा ने किया, जबकि धरने का कुशल नेतृत्व जगबीर अलकपुरा द्वारा किया गया।धरने पर बैठे किसानों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी जायज मांगों का समाधान नहीं हुआ तो एक बड़े और निर्णायक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।



भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# डिस्कॉम के फैसले के खिलाफ बिजली कर्मचारी धरने पर बैठे

- 30 जून को भिवानी एसी कार्यालय पर होगा बड़ा प्रदर्शन, 2 जुलाई को बिजली मंत्री के आवास का होगा घेराव : बल्लू
- बिजली बोर्ड को निजी हाथों में सौंपने की साजिश, कर्मचारियों के साथ धोखा : मनोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन हैड ऑफिस भिवानी संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले अपनी न्यायसंगत मांगों को लेकर कर्मचारियों का आक्रोश सातवें आसमान पर पहुंच गया है। एचएसईबी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भिवानी में आयोजित दो दिवसीय विरोध-प्रदर्शन शुक्रवार को दूसरे दिन भी पूरी आक्रामकता के साथ जारी रहा। इस दौरान बिजली कर्मचारियों ने सरकार की श्रमिक व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आर-पार की लड़ाई का शंखनाद कर दिया। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला ने की, जबकि मंच का संचालन सिटी यूनिट के सचिव राजकुमार जटासरा द्वारा किया गया। धरना स्थल पर कर्मचारियों के भारी हुजूम को संबोधित करते हुए नेताओं ने सरकार की दमनकारी और निजीकरण की नीतियों पर तीखे प्रहार किए।

### मंशा पर सवाल

यूनियन के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला ने सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने एग्री डिस्कॉम के गठन को किसानों और कर्मचारियों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा करार दिया। सरकार द्वारा जो एग्री डिस्कॉम बनाए जा रहे हैं, वे न तो देश के अन्नदाता किसानों के हित में हैं और न ही दिन-रात अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने वाले बिजली कर्मचारियों के हित में हैं। सरकार यह सब केवल अपने कुछ चुनिंदा चहेतों और कॉर्पोरेट मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए कर रही है। यदि बिजली क्षेत्र का निजीकरण इसी तरह जारी रहा, तो आने वाले समय में आम जनता और उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानियों और बेतहाशा महंगी बिजली का सामना करना पड़ेगा।

# भिवानी और तोशाम में सिंचाई और जल प्रबंधन तंत्र मजबूत होगा : जय सिंह

- किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र की उन्नति के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे
- हर खेत तक पहुंचेगा पर्याप्त जल, नहरों, माइनरों का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि।

सरकार द्वारा किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र की उन्नति के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश की सिंचाई तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के विशेष प्रयासों से भिवानी जिले, विशेषकर तोशाम विधानसभा क्षेत्र को सिंचाई क्षेत्र में एक बहुत बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र में जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने और अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न नहरों, माइनरों, पुलों और पाइपलाइन परियोजनाओं के जीर्णोद्धार कार्य को तेज गति दी गई है। सिंचाई विभाग के अनुसार, इन सभी महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं पर कुल 33 करोड़ 78 लाख एक हजार रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च की जाएगी। इस ऐतिहासिक सौगात को लेकर क्षेत्र के किसानों और आमजन में भारी उत्साह है। सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह वाल्मीकि ने प्रदेश के नेतृत्व और सिंचाई मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### सरकार पूरी तरह से किसान हितैषी

वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार पूरी तरह से किसान हितैषी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व, पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के सतत मार्गदर्शन और सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी की कार्यकुशलता की जमकर प्रशंसा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में सरकार, पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी किसानों की हर समस्या को हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन्हीं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि तोशाम और आसपास के गांवों को करोड़ों रुपये की सिंचाई परियोजनाओं की सौगात मिली है। प्रदेश सरकार सिंचाई व्यवस्था को आधुनिक, सुदृढ़ और मजबूत बनाने के लिए लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है।

# पेयजल-सीवर समस्या का समाधान जल्द

- एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह ने मौके का मुआयना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

गांधीनगर क्षेत्र की पेयजल व सीवर समस्या का जल समाधान होगा, इसके लिए उपायुक्त मनदीप कौर ने जनस्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह शुक्रवार को विभाग के अधिकारियों के साथ मौका देखने गांधीनगर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने कहा कि वास्तव में क्षेत्र में पेयजल और सीवर को लेकर लोगों को काफी समस्या है, ऐसे में जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से समाधान का काम शुरू कर दिया गया है। गत वीरवार को ही गांधीनगर क्षेत्रवासी उपायुक्त से मिले थे और उन्होंने समस्या के समाधान के लिए अनुरोध किया था। विभाग के साथ निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे, यहां की स्थिति के बारे में उपायुक्त को अवगत करवाया गया है। संबंधित विभाग के माध्यम से कार्य को युद्ध स्तर पर जारी रखते हुए जल्द पूरा किया जाए।



चरखी दादरी। गांधीनगर में सीवर का निरीक्षण करते एसडीएम डॉ. विरेंद्र सिंह।

## यश केजरीवाल की फिल्म ईमान ने इंटरनेट पर बटोरे 1,30,000 व्यूज

**भिवानी।** सच्ची घटना पर आधारित और हरियश क्रिएशन के बैनर तले बनी शॉर्ट फिल्म ईमान इन दिनों इंटरनेट पर छाई हुई है। कनाडा स्क्रीन अवॉर्ड्स 2026 (ऑनलाइन फेस्टिवल) में चार अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बाद अब फिल्म शॉर्ट फिल्मों के मशहूर यूट्यूब चैनल पॉकेट फिल्म्स पर रिलीज कर दी है। फिल्म ने दर्शकों के दिलों को गहराई से छुआ है और महज एक दिन में यूट्यूब व इंस्टाग्राम पर 1 लाख 30 हजार से ज्यादा व्यूज का शानदार आंकड़ा पार कर लिया है। मेघदूत थिएटर ग्रुप सोसाइटी भिवानी द्वारा पावर्ड फिल्म समाज को बेहद मजबूत संदेश देती है कि ईमान किसी धर्म या जाति में नहीं, बल्कि इंसान की रूह में बसता है। निर्देशक यश केजरीवाल ने यथार्थवादी कहानी को बड़ी ही संवेदनशीलता के साथ पर्दे पर उतारा है। रविंद्र सिवाच व टैलेंटेड ऋतु इंसान के विशेष सहयोग से तैयार अपूर्व यादव द्वारा लिखित प्रोजेक्ट में मुख्य कलाकारों ने जान डाल दी है।

# शिकायतकर्ता को संतुष्ट कर अपलोड करें एटीआर

- रैंकिंग में प्रदेश में दूसरा स्थान आने पर मुख्यालय से डीसी की कार्यशैली की हुई प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर से संबंधित शिकायतों, जन संवाद पोर्टल पर लंबित प्रकरणों तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गंभीर मामलों में शिकायतकर्ता को संतुष्ट करके ही एटीआर पोर्टल पर अपलोड करें।

बैठक में डीसी श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंभीर मामलों में एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) अपलोड करने से पहले संबंधित शिकायतकर्ता से संपर्क कर उसे संतुष्ट करें ताकि शिकायत रिओपन ना हो। उन्होंने लंबित मामलों, जिले के रूके हुए कार्य व मामलों की विस्तार से समीक्षा कर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम महेश कुमार, सीटीएम अनिल कुमार, डीएसपी अनूप कुमार, उप वन राजिक अधिकारी डॉ. राजेश वत्स, जनस्वास्थ अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा, डीईओ निर्मल दहिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार, ईओ राजा राम, एलडीएम राजन मल्होत्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



भिवानी। आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण करें

बैठक में मुख्यालय से वीसी के माध्यम से प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव शेखर विद्यार्थी ने भी जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीसी रैंकिंग में प्रदेश में दूसरा स्थान आने पर शेखर विद्यार्थी ने डीसी की कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वे नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण करें तथा आवश्यकता अनुसार रिक्वेस्ट रिन्यूअल अथवा नोट फिजिबल का विकल्प अपना सकते हैं। जो मामले नोट फिजिबल श्रेणी में आते हैं, उन्हें मुख्यालय को भेजा जाए।

## गांव खरक के हैंडबॉल कोच विवेक खरकिया को मिली अहम जिम्मेदारी

- विवेक व गौरव यूरोप की तीन अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में करेंगे ऑफिशिएटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



गांव खरक के हैंडबाल कोच विवेक खरकिया।

हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के ए-ग्रेड रेफरी विवेक खरकिया एवं गौरव की जोड़ी का चयन यूरोप में होने वाली तीन प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में ऑफिशिएटिंग के लिए किया गया है। दोनों रेफरी अपनी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों की शुरुआत 29वीं ल्यूबेक यूथ हैंडबॉल टूर्नामेंट से करेंगे, जो 26 से 28 जून तक ल्यूबेक जर्मनी में आयोजित होगी। इसके पश्चात वे पार्टिले वर्ल्ड कप 2026 में 29 जून से 4 जुलाई तक स्वीडन में ऑफिशिएटिंग करेंगे। दोनों रेफरी ड्रोनिंगलुंड कप-2026 में 5 से 10 जुलाई तक ड्रोनिंगलुंड, डेनमार्क में अपनी सेवाएं देंगे। विवेक एवं गौरव भारत के अनुभवी हैंडबॉल रेफरी हैं, दोनों ने अपने लंबे अनुभव एवं उत्कृष्ट निर्णय क्षमता के बल पर देश की अनेक राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप एवं अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में सफलतापूर्वक ऑफिशिएटिंग की है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, निष्पक्ष निर्णय तथा खेल के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें ये महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय दायित्व सौंपा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**समस्या** 42 दिनों के अंतराल से पहुंचा नहरी पानी मांग की अपेक्षा काफी कम

# नहरों का गड़बड़ाया गणित, घट कर बचा महज 557 क्यूसेक पानी, सुंदर, मिताथल फीडर बंद, जुई में भी आधा मिल रहा

- जुई फीडर में 557 क्यूसेक पानी चलाया जा रहा,जबकि नहर की क्षमता साढ़े आठ सौ क्यूसेक है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लगता है किसानों के दुर्दिनों का दौर खतम नहीं होने वाला। 42 दिनों के अंतराल से पहुंचा नहरी पानी मांग की अपेक्षा मात्र 557 क्यूसेक पानी मिल रहा है,जबकि सिंचाई विभाग ने नहरों के लिए साढे 22 सौ क्यूसेक पानी की मांग भेजी थी। पानी कम मिलने की वजह से सिंचाई विभाग ने मजबूरन सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी तथा मिताथल फीडर को बंद कर दिया है। अब केवल जुई फीडर में केवल 557 क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है,जबकि उक्त नहर की क्षमता करीब साढे आठ सौ क्यूसेक है। इस फीडर से निकलने वाले माइनर निल होने लगे है। इन पर पड़ने वाले जलघरों के भी खाली रहने के आसार बन गए है।



भिवानी। मिताथल फीडर खाली तथा जुई नहर में बहता कम पानी का दृश्य।

### 2250 क्यूसेक पानी की मांग की थी

सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए 2250 क्यूसेक पानी की मांग की थी,लेकिन पहले दिन नहरों के लिए 1150 क्यूसेक पानी मिल पाया था। उसके अगले दिन पानी कुछ बढा,पर दो दिन बाद फिर 1000 क्यूसेक के आसपास जलस्तर आ गया। जिसके चलते सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को कभी बंद तो कभी लिकेज ही रखा। इस पर पड़ने वाले अधिकांश जलघर खाली ही रह गए है। अगर पानी नहीं बढा तो सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी तथा मिताथल फीडर पर पड़ने वाले जलघरों में पानी का स्टॉक पर्याप्त नहीं होगा और आने वाले दिनों में पीने के पानी का घोर संकट बन जाएगा। दूसरी तरफ इन नहरों का पानी बंद होने के बाद किसानों के खेतों में फसलों की सिंचाई प्रभावित हो गई।

### सिंचाई जरूरी

चूंकि इस वक्त फसलों की सिंचाई बेहद जरूरी है। अगर इस वक्त फसलों में फुटाव बन रहा है। अगर फुटाव सही होगा तो फसलों की औसतन पैदावार बढेगी। दूसरी तरफ नहरों में पानी बढ़ा तो इस बार शहर, कस्बों व देहात में पीने के पानी का घोर संकट बन जाएगा। हालांकि सिंचाई विभाग का कहना है कि अगले एक दो दिनो में पानी की स्थिति सुधर जाएगी,लेकिन पानी नहीं मिल पाया तो पब्लिक के साथ साथ अधिकारियों के लिए भी समस्या बन जाएगी।